राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 30 अगस्त । राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री श्री टीकाराम जूली तथा सहकारिता विभाग मंत्री श्री उदयलाल आंजना ने आज प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रात: 11.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान श्री टीकाराम जूली तथा श्री उदयलाल आंजना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा अधिकांश समस्याओं के तत्काल निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा शेष रहे प्रकरणों का समाधान अगली जनसुनवाई से पूर्व करने का आश्वासन दिया। उक्त मंत्रीगण के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री राजेन्द्र मूण्ड, मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल मौजूद रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि **31 अगस्त, 2022 (बुधवार)** को राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग के मंत्री श्री रामलाल जाट जनसुनवाई करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व विधायक श्री प्रशान्त बैरवा, सचिव श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर व श्री राजेन्द्र यादव इनका सहयोग करेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter